राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

2023

हवामहल

बच्चों का झरोखा

10 दिसम्बर 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 38

नए साल में

आज की कविता

नए साल में चूहे ने एक नया संकल्प लिया । वह खा पीकर मोटा ताजा होकर उस बिल्ली को मार भगाएगा जो साल भर उसे परेशान करती रही है। तभी बिल्ली कि भारी भरकाम म्याऊँ सुनकर उसकी सिट्टी पिट्टी गुम हो गई। क्या चूहे का नए साल का संकल्प पूरा हुआ ? क्या वो बिल्ली को हरा पाया ? कविता सुनने और देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Blue Bells Kids

बचपन का खजाना

आज की कहानी

गट्टू और चिंकी घर में रखी आलमारी को लेकर बहुत ही उत्सुक थे कि इसके अन्दर क्या होगा ? पर उसपर ताला था। वो किसी खजाने की कल्पना करते रहते थे। एक दिन पिताजी एक शर्त पर आलमारी खोलने और उसका खजाना उन दोनों में बांटने को तैयार हो गए। उसमें से क्या खजाना निकला? ये कहानी देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Pun Toon Kids

मिट्ठू तोता

आज की किताब

व्यापारी का तोता पिंजड़े में कैद था। बहुत दुखी था पर व्यापारी से मुक्ति के लिए कह न पाता था। उसके सारे रिश्तेदार पास के ही हरे भरे जंगल में मौज से खुले आकाश में रहते थे। एक दिन व्यापारी यात्रा के लिए निकला तो तोते ने उससे ऐसा कुछ कहा कि हालात ही बदल गए। क्या तोता मुक्त हो पाया? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Sushila Stone

नाचने वाला गुड्डा

आज की गतिविधि

नाचने वाला बंदर, नाचने वाली गुड़िया और नाचने वाला मोर तो आपने देखा और बनाया भी होगा। पर क्या आप सोच सकते हैं, एक बेकार पेपर कप, कुछ स्टेपल पिन और तार से बनी एक मानव आकृति को लेकर आप ये खिलौना बना सकते हैं। तो चलिए समान इकट्ठा कीजिए और ये गतिविधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक कीजिए।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

विज्ञान, वैज्ञानिक सोच और विज्ञान शिक्षण

टीचर्स कॉर्नर

आजकल शिक्षा में आने वाले समय की तैयारी के लिए नए नए कौशलों पर ध्यान दिए जाने की बहुत बात की जा रही है। वैज्ञानिक सोच उनमें एक बहुत ही अहम बात है। स्कूली शिक्षा में इसके प्रति सचेत और गंभीर होने की बात पर गौहर रजा ने अपने विचार व्यक्त किए हैं।आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

किताब के बहाने

हमारा पुस्तकालय

बच्चों के साथ किताबों को लेकर बात करना हमेशा एक नया अनुभव देता है। पुस्तकालय एक ऐसी जगह बन सकती है जहां जीवन से जुड़े अनुभवों और अपने परिवेश पर खुली और सार्थक चर्चा हो सकती है। महाश्वेतादेवी की किताब '**क्यों क्यों लड़की**' पर बच्चों के साथ हुई चर्चा का अनुभव रख रही हैं अनुराधा अनन्या । पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 140वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।